सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–2

राजभवन देहरादून 14 अप्रैल, 2023

पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद तीन दिन के उत्तराखण्ड के दौरे पर आज देहरादून पहुंचे। गढ़ी कैंट देहरादून स्थित डॉ बी.आर. अम्बेडकर मेमोरियल पार्क पहुंचने पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) और मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने उनका स्वागत किया। इस दौरान भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती के शुभ अवसर पर पार्क में स्थित उनकी मूर्ति पर पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि), मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी और देश की पूर्व प्रथम महिला श्रीमती सविता कोविंद ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस दौरान मूर्ति के नए स्वरूप को देखकर श्री कोविंद ने कैंट बोर्ड के अधिकारियों की सराहना की। उन्होंने इस मूर्ति के संबंध में अपनी स्मृति साझा करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड भ्रमण के दौरान बाबा साहेब की मूर्ति के छोटा और उनके गरिमा के अनुरूप न होने की बात को राज्यपाल जी ने संज्ञान लेते हुए इस मूर्ति का जीर्णोद्धार कर एक नया और भव्य स्वरूप दिया है, जिसके लिए उन्होंने राज्यपाल सहित कैंट बोर्ड के सभी अधिकारियों की सराहना की। इस दौरान उन्होंने इस पुनीत कार्य के लिए अध्यक्ष कैंट बोर्ड ब्रिगेडियर अनिर्बान दत्ता और सीईओ अभिनव सिंह को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

..........0..........